हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 11 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

11 ओड़ान पंचायत में हुआ सम्मान कार्यक्रम




12 धान खरीदी केंद्रों में फैली अव्यवस्था





## खबर संक्षेप

### परकोम में दो दिवसीय भव्य रामायण 14 से

**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम परकोम वासीयों के तत्वधान में दो दिवसीय छ ग राज्य स्तरीय भव्य रामायण मेला का आयोजन 14 एवं 15 दिसंबर शनिवार और रविवार को किया गया है। आयोजक समिति के संरक्षक चिंतामणि चंद्राकर सरपंच अध्यक्ष खेमराज पटेल, उपाध्यक्ष ताम्रध्वज ठाकुर, उपाध्यक्ष परमेश्वर चौधरी, कोषाध्यक्ष मुंशीलाल पटेल, राजू पटेल, सचिव भोजराम पटेल, अश्वत दीवान, सलाहकार चंद्रकुमार पटेल, मुकेश चंद्रवंशी, प्रचार प्रभारी टकेश निर्मलकर, मीडिया प्रभारी लोकेश पटेल आदि ने बताया कि यह कार्यक्रम ग्यारहवां वर्ष होने जा रहा है। जिसमे आंमत्रित मंडलियों के द्वारा संगीतमय सारर्भित प्रवचन परमपिता परमात्मा श्रीरामचंद्र की अमृतमयी कथा का रसपान करने हेतु श्रद्धांलुओं से अपील की गई है।

### युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष के प्रतिभागी होंगे शामिल

**बागबाहरा।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण द्वारा युवा उत्सव वर्ष 2024-25 का आयोजन किया जा रहा हैं। युवा उत्सव 2024- 25 में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष निर्धारित है। विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विजेता प्रतिभागी जिला स्तरीय युवा उत्सव में सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही रॉकबैंड विधा के प्रतिभागी सीधे जिला स्तरीय युवा उत्सव में शामिल होंगे। युवा उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक लोकनृत्य, व्यक्तिगत लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोकगीत, तथा लाइफ स्कील के अंतर्गत कहानी लेखन, चित्रकला, थिमैटिक विधा में विज्ञान मेला तथा युवा कृति के अंतर्गत हस्तशिल्प, टेक्सटाइल एवं कृषि उत्पाद आदि गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

### सड़क हादसे में एक की मौत के बाद क्षतिग्रस्त बाइक हुई चोरी

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम पिरदा के आगे झगरेनडीह रोड़ पर सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे में क्षतिग्रस्त मोटर सायकल को किसी ने चोरी कर लिया, जिसकी शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, 31 अगस्त को ग्राम भठोरी निवासी प्रेमलाल पटेल घर से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 केएस 1459 में अपने रिश्तेदारी में ग्राम भतकुंदा गया था। भतकुंदा से घर लौटते समय शाम करीब 5 बजे पिरदा के आगे झगरेनडीह रोड़ पर अज्ञात वाहन की ठोकर से प्रेमलाल की मौत हो गई। अगले दिन प्रेमलाल के बेटे विशाल पटेल ने घटना स्थल जाकर अपने पिता के मोटर सायकल के बारे में पता किया तो कहीं पता नहीं चला।





**आयोजन : शहीद वीरनारायण सिंह की पुण्य तिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि देने सोनाखान पहुंचे**

# मुख्यमंत्री साय ने जिले को दी 192 करोड़ की सौगात

## 36 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन तथा 156 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार/कसडोल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार को विकासखंड के ग्राम सोनाखान पहुंचकर शहीद वीर नारायण सिंह के समाधी स्मारक में श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद मुख्यमंत्री सभा स्थल पहुंचे और करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। तत्पश्चात शहीद परिवार के वंसजों से मुलाकात की। इसके बाद कार्यक्रम में पहुंचे आदिवासी समाज के तमाम जनप्रतिनिधियों ने बारी-बारी से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री रामविचार नेताम, टंकराम वर्मा, रामविचार नेताम सहित जिले के प्रभारी मंत्री श्याम विहारी जायसवाल का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने सोनाखान की माटी को नमन करते हुए शहीद वीर नारायण की वीरता का बखान किया। मुख्य मंच से मुख्यमंत्री साय ने शहीद वीर नारायण सिंह के वंशजों का साल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मान किया।

इसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री रामविचार नेताम ने शहीद वीर नारायण को श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया। श्री नेताम ने भाजपा सरकार की वर्षों की उपलब्धि को बताया। साथ ही सोनाखान के विकास कार्यों के कई करोड़ों की राशि भी भाजपा सरकार द्वारा स्वीकृति की बात कही। श्री नेताम ने कहां की 2003 के पूर्व सोनाखान में सड़क, पानी, बिजली सहित जनजीवन जीने के लिए कुछ नहीं था, लेकिन भाजपा सरकार डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री बनने के बाद सोनाखान का उद्धार हुआ। साथ ही भाजपा की सरकार ने सभी वर्गों को लेकर चलने का काम करने की बात कही।



प्रभारी मंत्री ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह ऐसे वीर योद्धा थे, जिन्होंने अंग्रेजों को अपने पराक्रम से लोहा मनवा दिया था। ऐसे वीर भूमि में आकर मैं गौरान्वित महसूस कर रहा हूं। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने सरकार की योजनाओं को गिनाया और सभी वर्गों के लिए सरकार काम करने की बात कही। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम,टंक राम वर्मा, प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल, बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरें, पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, पूर्व विधायक बिलाईगढ़ सनम जांगड़े, सरपंच फलित विनय साहू, वीर नारायण सिंह के वंशज राजेंद्र दीवान, कलेक्टर दीपक सोनी पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल समेत अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।



**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को शहीद वीरनारायण सिंह की जन्म एवं कर्मभूमि सोनाखान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान जिले के 192 करोड़ 8 लाख 69 हजार के 242 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें कुल 41 करोड़ 93 लाख 50 हजार के 122 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 150 करोड़ 15 लाख 19 हजार के 120 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं। इस अवसर पर उन्होंने आदिवासी समाज के युवाओं का सम्मान भी किया।

शहीद वीरनारायण सिंह के जन्म एवं कर्मभूमि सोनाखान पहुंचे मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत 10 हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी। इसके साथ ही



उन्हे उनके द्वारा जिले को 192 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। इसमें जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में 8 लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक निर्माण कार्य 805 लाख, मनोहर दास वैष्णव उत्कृष्ठ विद्यालय अंग्रेजी माध्यम शास. उ.माध्य. विद्यालय बलौदाबाजार के भवन का ग्राऊण्ड फ्लोर निर्माण कार्य 229.84 लाख, मनोहर दास वैष्णव शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मिडियम स्कूल बलौदाबाजार के प्रथम तल में भवन निर्माण का कार्य 177.81 लाख, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 3 केएलडब्ल्यू ▶▶ शेष पेज 11 पर

# छात्रों ने जाना मानव अधिकार दिवस का महत्व




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पवनी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कौशिल्या बाई छेदूराम विश्वकर्मा, अध्यक्षता रामसहाय डडसेना प्राचार्य, विशिष्ट अतिथि सहदेव साहू लाभोकुमार कैवर्त्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। यशप्रभा साहू, चांदनी साहू कक्षा 12वीं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिला सचिव ने गुरु एवं शिक्षा के महत्व को बताकर मानव अधिकारों से अवगत कराया। लाभोकुमार कैवर्त्य ने मानव अधिकारों एवं कर्त्तव्यों को विस्तारपूर्वक बताकर शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला। देवनारायण साहू द्वारा मानव अधिकारों को ▶▶ शेष पेज 11 पर

## नकली नोट छापने वाले गिरोह का फरार तीसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

नकली नोट के प्रकरण में फरार आरोपी 25 वर्ष कुशल कुमार साहू निवासी लवन को पुलिस ने पुणे महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि रविवार को लवन पुलिस द्वारा जिला सहकारी बैंक के पीछे खंडहर में दबिश देकर दो आरोपियों को जाली नोट के साथ पकड़ा गया तथा दोनों आरोपियों का तलाशी लेने पर 500, 200 एवं 100 के नोट सहित कुल 6400 नकली नोट आरोपियों से बरामद किया गया था। आरोपियों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा योजनाबध्द तरीके से एक रंगीन प्रिंटर मशीन खरीदना एवं उस मशीन का उपयोग करते हुए 100, 200 व 500 रूपये के नकली नोट छापना बताया गया। उनकी निशानदेही पर विनायक नगर भाठागांव रायपुर स्थित किराए के मकान से पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर 2,26,000 का नकली नोट, इसे छापने में इस्तेमाल प्रिंटर मशीन एवं प्रिंटर कागज बरामद किया गया। आरोपियों ने इस मामले में फरार आरोपी कुलश कुमार साहू के भी शामिल होने की जानकारी दी गई थी।



# कार चालक से मारपीट, 3 युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

शहर पुलिस ने एक बुजुर्ग व्यक्ति को गाली गलौज कर मारपीट करने वाले 3 युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक कार मालिक से शराब पीने के लिए पैसे की मांग करते हुए इस घटना को अंजाम दिया। मारपीट करने के साथ-साथ आरोपियों ने कार में भी तोड़फोड़ की। पुलिस ने इस मामले में 28 वर्षीय विनोद उर्फ गोलू कोसले, 21 वर्षीय प्रदीप डहरिया और 19 वर्षीय आशीष कुमार धृतलहरे सभी भगत सिंह वार्ड निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

प्रार्थी नरेंद्र सिंह ने थाना भाटापारा शहर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि सोमवार को वह अपने कार से हटरी बाजार जा रहा था, कि करीब 07.35 बजे पुराना हर्षद मिष्ठान भंडार के बाजू वाली गली भाटापारा के पास पीछे से एक बाइक में सवार तीन



व्यक्तियों द्वारा उसे इशारा कर रोका गया और कार को रोकते ही तीनों मोटरसाइकिल सवारों द्वारा उसके पास आकर उसे अश्लील गाली गलौज कर शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे। उसने मना किया तो उसे जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट की गई तथा उसकी कार का शीशा भी तोड़फोड़ किया गया।

रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296, 115(2), 351(2), 191(1), 324(4), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया। प्रकरण में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण में शामिल तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसे की ▶▶ शेष पेज 11 पर

# नपाध्यक्ष ने कांक्रीट रोड निर्माण का शुभारंभ किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

नगर में विभिन्न वार्डों में स्वीकृत विकास कार्यों के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 8 में सड़क कांक्रीटीकरण कार्य का मंगलवार को नपाध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने भूमि पूजन कर कार्य की शुरूवात की। इस अवसर पर पार्षद सतीश पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष पटेल, देवेन्द्र वैष्णव, रामदुलाल साहू, पंचराम साहू, मनोज पटेल, लक्ष्मण सेन, विनोद पटेल, साधुराम पटेल, मानस सेन, दुर्गेश पटेल, राघव पटेल, राजू सलूजा सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

**50 से अधिक सोलर हाईमास्ट लाइट लगाने की तैयारी**

# सौर ऊर्जा से जगमग होंगे जिले के 23 प्रमुख ऐतिहासिक पर्यटक स्थल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिला के 23 प्रमुख ऐतिहासिक एवं पर्यटक स्थलों के लिए सोलर हाईमास्ट लगाये जाएंगे। मंगलवार को जिला के प्रवास पर ग्राम सोनाखान पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा उक्त घोषणा की गई। सोलर हाईमास्ट लाइट लगने से पर्यटकों को काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के साथ स्थल सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। उक्त कार्य के लिए नोडल एजेंसी क्रेडा को निर्धारित किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 23 पर्यटन स्थलों में कुल 50 से अधिक नग सोलर हाईमास्ट लाईट लगाने की तैयारी की जा रही है।




इसमें बलौदाबाजार अंतर्गत सिंहासनपाट मंदिर केशला सोनाडीह, कबीरसंत समागम आश्रम चंगोरीपुरी, शिव मंदिर डमरू,नग, सोनबरसा रिजर्व फॉरेस्ट (शुक्लाभाठा), ऑटोडरियम बलौदाबाजार, विकासखण्ड भाटापारा अंतर्गत योगद्वीप गुर्रा, मावली माता मंदिर सिंगारपुर, माहामाया मंदिर तरेंगा, दुमनाथ मंदिर रामपुर, विकासखण्ड कसडोल अंतर्गत सिध्दखोल वॉटर फॉल, अचानकपुर देव हिल्स नेचर रिसॉर्ट, बारनवापारा सेंचुरी, तुरतुरिया, कुटन नाला बकला, बलार डेम, नारायणपुर एसियन मंदिर, वीरनारायण सिंह सोनाखान, जैतखाम गिरौदपुरी धाम गिरौदपुरी, तुरतुरिया मातागढ़, विकासखण्ड पलारी अंतर्गत सिध्द बाबा बालसमुद, विकासखण्ड सिमगा अंतर्गत दामाखेड़ा चौतवारी देवी मंदिर धोबनी, खल्लारी माता मंदिर सुहेला शामिल हैं।

# मेटाडोर में युवक ने लगाई फांसी

**भाटापारा।** स्थानीय कृषि उपज मंडी के गेट नंबर 1 के सामने सोमवार की रात मेटाडोर में युवक फांसी में लटका देखा गया। इसकी सूचना आस पास के लोगों द्वारा शहर थाना को दी गई। लगातार भाटापारा में यह दुसरी घटना घटित हुई। कुछ दिन पूर्व भाटापारा शहर से लगे सुमा भाटा में एक व्यक्ति की लाश पड़ी मिली थी, जिसके सिर पर चोट के निशान थे। उसके पश्चात एक और खुले आम मंडी के बाहर एक वाहन पर फांसी से लटकती लाश मिली।

युवक की पहचान अभी नहीं हो पाई है और जिस वाहन पर लटकी लाश मिली वाहन का नंबर दुर्ग भिलाई पासिंग का है। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के पश्चात ही स्पष्ट हो पाएगा की युवक द्वारा आत्महत्या की गई या युवक की हत्या हुई है।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

**खबर संक्षेप**



### केंद्रों से धान का उठाव नहीं होने से बिगड़ी व्यवस्था

**रायपुर।** धान खरीदी केंद्र में धान का उठाव नहीं होने से व्यवस्था बिगड़ गई है। 75 प्रतिशत केंद्रों में बफर लिमिट से ज्यादा धान जाम है। सहकारी समिति कर्मचारियों ने बफर लिमिट से अधिक का टीओ जारी नहीं होने पर 10 दिसंबर से खरीदी बंद रखने का निर्णय लिया है और नोटिस चस्पा दिए हैं। इस संबंध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा कि, धान खरीदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है कोई भी सरकार आए धान खरीदी होगी ही कोई सरकार आए प्राथमिकता में रहेगी ही फिर भी वर्तमान सरकार बगैर तैयारी के धान खरीदी कर रहे है खरीदी प्रारंभ के पहले कोई व्यवस्था नहीं किया है, ये परिस्थितियों के लिए सरकार जिम्मेदार है।

### इंस्टाग्राम लाइक करने का झांसा देकर पौने आठ लाख की ठगी

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ इंस्टाग्राम पेज लाइक करने का झांसा देकर पौने आठ लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाज ने ठगी की घटना तीन से सात दिसंबर के बीच की है। जालसाज ने पीड़ित के साथ वाट्सएप कॉल के माध्यम से संपर्क कर ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस के मुताबिक एक सीमेंट फैक्ट्री के मालिक न्यू शांतिनगर निवासी शिवेंद्र द्विवेदी ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। शिवेंद्र ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात व्यक्ति ने उसके पास वाट्सएप कॉल करने के बाद वाट्सएप में मैसेज भेजकर इंस्टाग्राम पेज लाइक करने पर घर बैठे इंकम होने का झांसा दिया। झांसा देने के बाद जालसाज ने शिवेंद्र के पास इंस्टाग्राम पेज का मैसेज भेजा। पेज लाइक करने पर जालसाज ने शिवेंद्र के अकाउंट में रुपए ट्रांसफर किया। एक-दो बार रुपए ट्रांसफर करने के बाद जालसाज ने शिवेंद्र को टास्क पूरा करने पर क्रिप्टो करंसी जीतने का झांसा दिया। इस तरह से जालसाज ने क्रिप्टो करेंसी जीतने का लगातार टास्क देकर अपने अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कराकर ठगी का शिकार बनाया। पैसा रिटर्न मांगने पर जालसाज ने और पैसों की मांग की। तब शिवेंद्र को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली।

### रेडक्रास संरक्षक सहित आजीवन सदस्यों की सूची का प्रकाशन

**रायपुर।** जिला रेडक्रास सोसायटी संरक्षक, उपसंरक्षक एवं आजीवन सदस्यों की अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। पिछले माह कलेक्टर गौरव सिंह की अध्यक्षता में जिला रेडक्रॉस सोसायटी की सामान्य सभा की बैठक में 15 सदस्यों का प्रबंध समिति गठन किया गया था। शेष 5 सदस्यों का चयन हेतु अंतिम सूची का प्रकाशन किया गया है। जिलाधीश परिसर के रेडक्रास कार्यालय और सीएमएचओ कार्यालय के सूचना पटल पर इसे चस्पा किया गया है। इस पर 13 दिसम्बर तक दावा आपत्ति मांगी गई है। प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण कर संरक्षक, उपसंरक्षक एवं आजीवन सदस्यों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

# सिस्टम एडवांस होने से डीएनए टेस्ट हुआ आसान, कई अनसुलझे मामले सुलझे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गंभीर किस्म के अपराध सुलझाने के साथ महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलन करने डीएनए रिपोर्ट की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्य के फोरेंसिक लैब में गंभीर अपराध से जुड़े मामलों के रोजाना औसतन 15 से 20 डीएनए कलेक्शन किए जा रहे हैं।

सिस्टम अपडेट होने की वजह से वर्तमान में एक भी डीएनए का पेंडिंग मामला नहीं है। फोरेंसिक लैब के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. टीएल चंद्रा के अनुसार पाक्सो मामले में डीएनए रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर सौंपी जा रही है। इसी तरह से गंभीर किस्म के अपराधों की डीएनए रिपोर्ट हर हाल में एक माह के भीतर सौंपी जा रही है। अफसर के अनुसार राज्य फोरेंसिक लैब में वर्तमान में ईडी, ईओडब्लू, सीबीआई द्वारा दर्ज अलग-अलग प्रकरणों से संबंधित इलेक्ट्रिक डिवाइस की भी जांच की गई है। जांच में मोबाइल, लैपटॉप तथा कम्प्यूटर के हार्ड डिस्क की फोरेंसिक जांच कर रिपोर्ट संबंधित एजेंसियों को सौंपी गई है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर संबंधित जांच एजेंसियों ने भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी की है।

### अनसुलझे केस को सुलझाने में मिली मदद

अफसर के अनुसार डीएनए जांच करने का सिस्टम अपडेट होने की वजह से कई गंभीर अपराधों को सुलझाने में पुलिस को मदद मिली है। पेंड्रा में रेप हत्या के एक मामले में डीएनए साक्ष्य के आधार पर आरोपी की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।



- बेरला बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट में मारे गए मजदूरों की पहचान डीएनए से की गई थी
- औसतन नियमित 15 से 20 प्रकरण डीएनए जांच के लिए पहुंच रहे फोरेंसिक लैब

### डीएनए साक्ष्य के आधार पर मिली फांसी की सजा

उरला थाना क्षेत्र में चार साल के हर्ष का अपहरण कर टॉवेल में लपेटकर, पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने वाले हत्या के आरोपी पंचराम को कोर्ट ने डीएनए साक्ष्य के आधार पर हत्या की सजा सुनाई है। फोरेंसिक लैब के अफसर के मुताबिक बच्चे का शव पूरी तरह से जल गया था, जिसकी पहचान संभव नहीं थी। डीएनए के माध्यम से बच्चे की पहचान की गई। रिपोर्ट कोर्ट को सौंपी गई। इसके बाद कोर्ट ने डीएनए रिपोर्ट के आधार पर हत्या के आरोपी को मौत की सजा सुनाई।

### हत्या के सभी मामलों में डीएनए जांच

हत्या के आरोपी कानूनी दांव पेंच का सहारा लेकर संदेह का लाभ लेकर किसी तरह कोर्ट में आसानी से न छूट जाएं, इस बात को देखते हुए हत्या के सभी मामलों की डीएनए जांच की जा रही है। पूर्व में हत्या के सस्पेक्टेड मामलों में डीएनए जांच की जाती थी। वर्तमान में हत्या के सभी मामलों में डीएनए जांच की जा रही है।

### ब्लास्ट में मारे गए मजदूरों की पहचान डीएनए से

बेमतेरा, बेरला स्थित बारूद फैक्ट्री में इस वर्ष मई में हुए ब्लास्ट में आधा दर्जन से ज्यादा मजदूरों की मौत हो गई थी। ब्लास्ट में मजदूरों के चीथड़े उड़ गए थे। मजदूरों की पहचान नहीं हो पा रही थी। फोरेंसिक लैब के अफसर के मुताबिक कलेक्ट किए गए मजदूरों के चीथड़े का अलग-अलग डीएनए टेस्ट किया गया। डीएनए लेने 50 से ज्यादा लोगों का सैंपल कलेक्ट किया गया। इसके बाद उन सैंपलों के चीथड़ों की डीएनए रिपोर्ट से मिलान कर सभी मृतकों की अलग-अलग पहचान की गई।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल के नाम ज्ञापन सौंपा

# नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी बेमियादी हड़ताल पर, तूता में किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेशभर के नगरीय निकायों के 20 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर बेमियादी धरना दे रहे हैं। धरना प्रदर्शन के सातवें दिन बस्तर संभाग से पहुंचे प्लेसमेंट कर्मचारियों ने धरना स्थल पर प्रदर्शन कर नगरीय निकायों में ठेका प्रथा समाप्त कर निकायों में समायोजन कर विभाग से वेतन भुगतान की मांग करने जुटे।

नगरीय निकाय चुनाव से पहले प्रदेश भर के नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अपने लंबित मांगों को लेकर राज्य शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लामबंद कर्मचारी 3 दिसंबर से काम ठप कर हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों की मांग को पूरा किये जाने नगर निगम रायपुर के अधिकारी कर्मचारी एकता संघ ने समर्थन दिया है। संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव, ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांगों को पूरा किये जाने समर्थन दिया है। प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की प्रमुख मांग है शासन के अन्य विभाग जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, पीएचई, वन विभाग की तर्ज पर नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकायों से सीधे वेतन भुगतान किया जाए। निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि 4 हजार रुपए दिया जाए।



### 15-20 साल से काम कर रहे, उचित पारिश्रमिक नहीं

भुक्तभोगी प्लेसमेंट कर्मचारियों का कहना है विगत कई वर्षो से वे अपनी मांग शासन-प्रशासन तक पहुंचा रहे हैं, पर आज तक उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया। 8 घंटे की डयूटी में उनसे 10 से 12 घंटे कार्य कराया जाता है, जिसका उचित पारिश्रमिक भी उन्हें नहीं मिल पाता। कम वेतन में घर चलाना मुश्किल हो रहा है, जबकि शासन-प्रशासन के योजनाओं का प्रशासनिक स्तर पर बहुत सारा कार्य प्लेसमेंट कर्मचारियों के माध्यम से होता है। जैसे वर्तमान में महतारी वंदन योजना, निर्वाचन कार्य, जनगणना कार्य, जातिगत सर्वे कार्य के अतिरिक्त अन्य योजनाओं कार्य नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी कराते रहे हैं। इसके बाद भी प्लेसमेंट कर्मचारियों की अनदेखी की जा रही है। इससे प्रदेशभर के नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।

### ऑनलाइन कार्य का पटवारियों ने किया विरोध, भत्ता सहित जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने की मांग



रायपुर। राज्य शासन ने राजस्व विभाग में ऑनलाइन कामकाज को लागू कर दिया है। पटवारियों को भुइंया साफ्टवेयर में भूमि स्वामियों के दस्तावेजों को ऑनलाइन अपडेट करने की अनिवार्यता कर दी गई है। इस कार्य का राजस्व पटवारी संघ ने विरोध किया है। साथ ही ऑनलाइन कामकाज के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के साथ ही राज्य शासन से इंटरनेट भत्ते की मांग की है। भत्ता व जरूरी संसाधन उपलब्ध न कराये जाने के विरोध में सोमवार को प्रदेशभर के पटवारियों ने काला कपड़ा पहनकर प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ ने जिले की कार्यकारिणी के माध्यम से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पटवारियों को ऑनलाइन कार्यों में हो रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

#### चेतावनी में इस तरह की जानकारी

राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों में राजस्व पटवारी संघ के आव्हान पर पटवारियों ने सोमवार को जिला कलेक्टर के नाम से ज्ञापन सौंपा। जिसमें संघ ने इस तरह की चेतावनी दी है -

- 15 दिसंबर तक आवश्यक संसाधन उपलब्ध न कराये जाने की दशा में प्रदेश के सभी पटवारी ऑनलाइन कार्यों व ट्रेनिंग का बहिष्कार कर विरोध जताएंगे।
- 16 दिसंबर से प्रदेश के सभी पटवारी सभी प्रकार के शासकीय वाट्सएप ग्रुप से बहिष्कार करने बाध्य होंगे।

## डंगनिया केंद्र की बैठक में अहिल्या बाई की जीवनी पर चर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाराष्ट्र मंडल की डंगनिया कालोनी महिला केंद्र की बैठक में मराठी संस्कृति, परंपरा और ऐतिहासिक गौरव एक साथ नजर आया। पारंपरिक परिधान में पहुंचकर जहां महिलाओं ने अपनी संस्कृति को संजोया। वहीं दत्तात्रेय जयंती पर सुंदर भजन प्रस्तुत कर अपने पूर्वजों से विरासत में मिली परंपरा का निर्वहन किया। वहीं शिवभक्त देवी अहिल्या बाई होल्कर की विजय गाथा के साथ अपने ऐतिहासिक गौरव को याद किया। बैठक में मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने वर्तमान समाज में रानी अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को याद किया। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष गीता दलाल, रेणुका पुराणिक, अपर्णा देशमुख, नमिता शेष, अनुभा जाउलकर, भावना राजिमवाले, अंजली काले, जया भावे, माधुरी इंचुलकर आदि शामिल थीं।

- वहीं दत्तात्रेय जयंती पर सुंदर भजन प्रस्तुत कर अपने पूर्वजों से विरासत में मिली परंपरा का निर्वहन किया

### पुरानी कुरीतियों से निजात दिलाई

उन्होंने महिलाओं की शिक्षा, दीक्षा, लेकर कई पुरानी कुरीतियों से उन्हें निजात दिलाई। वे एक आदर्श पत्नी के साथ आदर्श मां भी थीं। वे जीवन के हर कठिन परिस्थिति से जूझने के लिए तत्पर रहती थीं। आगामी 14 दिसंबर को भगवान दत्तात्रेय जयंती दत्तात्रेय मंदिर ट्रस्ट समिति की ओर से मनाया जाएगा। इसमें ज्योति डोलस की टीम भजन की प्रस्तुति देंगी।

## कैंसर के जोखिम को कम कर सकता है उष्ट्रासन

- एम्स के विशेषज्ञ डॉ. मय राठौर ने ली लोनावला में क्लास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के जोखिम को विभिन्न तरह के योगासन कम कर सकते हैं। एम्स के योग एनाटॉमी विशेषज्ञ डॉ. मृत्युंजय राठौर ने लोनावला के कैवल्यधाम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग देखभाल सम्मेलन में आसनों के शिक्षण का अभिनव दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

'कैंसर सर्वाइवरशिप के लिए माइंडफुल आसन प्रैक्टिस' थीम पर आधारित इस वर्कशॉप को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों से जबरदस्त प्रशंसा मिली। सम्मेलन में डॉ. राठौर ने कैंसर सर्वाइवरशिप के लिए उष्ट्रासन (कैमल पोज) के महत्व को रेखांकित किया और इसके चिकित्सीय लाभों और अंतर्निहित तंत्रों को समझाया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे विशेष आसन कैंसर देखभाल के सर्वाइवरशिप चरण के दौरान शारीरिक और मानसिक पुनर्प्राप्ति में योगदान दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त कैंसर की रोकथाम में आसन अभ्यास की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नियमित अभ्यास तनाव को कम करने, प्रतिरक्षा को बेहतर बनाने, रक्त संचार को बढ़ाने और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद करता है, जो कैंसर के विकास के जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण कारक है। सत्र के दौरान डॉ. राठौर ने त्रिकोणासन और उष्ट्रासन जैसे विभिन्न आसनों को करते समय आने वाली चुनौतियों पर भी चर्चा की और सही तकनीक तथा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए।

## सूबेदार, एसआई, प्लाटून कमांडर सहित 971 पदों के परिणाम जारी, शीर्ष-10 में मात्र एक महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा पुलिस मुख्यालय के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। व्यापम ने 971 पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा वर्ष 2023 में 26,27 और 29 मई को आयोजित की थी। छत्तीसगढ़ में पुलिस विभाग के सूबेदार, उप निरीक्षक, उप निरीक्षक (विशेष शाखा), प्लाटून कमाण्डर, उप निरीक्षक (अंगुल चिन्ह), उप निरीक्षक ( प्रश्नाधीन दस्तावेज), उप निरीक्षक (रेडियो), उप निरीक्षक (कम्प्यूटर) के लिए व्यापम ने फाइनल लिस्ट जारी करते हुए 2 हजार 618 कैंडिडेट्स की मेरिट लिस्ट अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की है। इसके साथ ही व्यापम द्वारा मेरिट लिस्ट भी अपलोड की गई है। इसके अनुसार, अर्जुन सिंह शीर्ष पर रहे हैं। मेरिट लिस्ट के साथ ही चयन सूची में भी पुरूष अभ्यर्थियों का ही दबदबा रहा है। टॉप-10 में मात्र एक ही महिला उम्मीदवार अपनी जगह बना सकी हैं, जबकि अन्य 9 पुरूष अभ्यर्थी हैं। जारी की गई सूची के अनुसार, अभिषेक पाठक दूसरे, मनोज कुमार तीसरे, विकास केरकेट्टा चौथे, संजय कुमार पांचवें, अनुराग छठवें और महेन्द्र कुमार सातवें, शीलू श्रीवास्तव आठवें, नीरज तिर्की 9वें नंबर पर नीरज तिर्की और संजय सिंह 10वें स्थान पर हैं।

- 2023 में 26, 27 और 29 मई को किया गया था मुख्य लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन
- पुलिस मुख्यालय के अंतर्गत रिक्त पदों पर होनी है भर्ती

### डेढ़ वर्ष पश्चात परिणाम

मई 2023 में परीक्षा आयोजित किए जाने के बाद व्यापम ने 5 जून 2023 को मॉडल उत्तर जारी किए थे। इसके बाद निर्धारित तिथि तक दावा आपत्ति भी मंगाई गई थी। मॉडल आंसर जारी किए जाने के डेढ़ वर्ष पश्चाम व्यापम ने परीक्षा परिणामों की घोषणा की है। दावा आपत्ति के निराकरण के बाद अंतिम चयन सूची जारी की कई है। मेरिट लिस्ट व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट के साथ ही पुलिस मुख्यालय की वेबसाइट www.cgpolice.gov.in पर भी देख सकते हैं। प्रश्नपत्रवार प्राप्तांक भी व्यापम ने अपने वेबसाइट में अपलोड कर दिए हैं।

## निकाय चुनाव की रणनीति बनाने आज जुटेंगे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनावों की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। चुनाव को लेकर रणनीति बनाने प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन स्तर पर सभी जिला अध्यक्षों की एक बैठक बुधवार 11 दिसंबर को राजीव भवन में बुलाई है। चुनाव को लेकर संगठन की अब तक की तैयारी पर चर्चा कर चुनाव की रणनीति तैयार की जाएगी।

छत्तीसगढ़ के नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत चुनावों में अब मेयर और अध्यक्ष के सीधे चुनाव के आधार पर तैयारी की जाएगी। पीसीसी ने इस संबंध में विधायक और पूर्व विधायकों को पहले ही मोर्चे में लगाया है। उन्हें अपने प्रभार जिले में इन चुनाव को लेकर सक्रिय लोगों को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। चुनाव को लेकर जिला अध्यक्षों के माध्यम से संगठन के साथ समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। अब चुनाव की तारीखों का ऐलान इस माह के अंत तक होने की संभावनाओं के बीच कांग्रेस संगठन की ओर से आवश्यक रणनीति तैयार कर सभी जिलों में कार्यक्रम किए जाएंगे। बड़े नेताओं को उनके क्षेत्रों में जिम्मेदारी दी जा सकती है।

- पीसीसी ने जिला अध्यक्षों की बुलाई बैठक

### संगठन में बदलाव अटका

विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद उपचुनाव में कांग्रेस को मिली हार के बाद कांग्रेस संगठन में अंतर्कलह खुलकर सामने आई थी। कांग्रेस नेता अब निकाय चुनाव से पहले फिर एक बार इस ओर ध्यान देने पर जोर दे रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस संगठन में बदलाव को लेकर लोकसभा चुनाव की हार की समीक्षा के बाद से अटकलें लग रही हैं। परफार्मेंस के आधार पर जिला अध्यक्षों को हटाने और संगठन में रिक्त पदों को भरने का मामला अब भी अटका है। निकाय चुनाव के पहले नियुक्ति किए जाने की चर्चा थी, लेकिन अब तक हाईकमान का निर्देश नहीं आया है।

### लेफ्ट, यू-टर्न करने वालों के लिए जगह नहीं इस वजह से भी लग रहा जाम

# रायपुर के ट्रैफिक सिग्नल में लोग जाम से हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के रहवसी शहर के व्यस्ततम के साथ अंदरुनी इलाकों के ट्रैफिक सिग्नल में आए दिन फंस रहे हैं। पंडरी बस स्टैंड भाठागांव शिफ्ट होने के बाद लोगों को ट्रैफिक जाम से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद थी। पंडरी बस स्टैंड के इंटर स्टैंड बस स्टैंड शिफ्ट होने के बाद घड़ी चौक में लोगों को थोड़ी राहत मिली है, लेकिन रायपुरा, भाठागांव, सहित पचपेड़ी नाका में ट्रैफिक का दबाव पहले से कई गुना ज्यादा बढ़ गया है।

गौरतलब है कि राजेंद्र नगर ब्रिज के नीचे अंडर पास के साथ पचपेड़ी नाका, संतोषी नगर, भाठागांव, सुंदर नगर तथा रायपुरा स्थित ओवर ब्रिज के नीचे अंडर पास का स्ट्रक्चर ऐसा है कि वहां ट्रैफिक सिग्नल नहीं लगाया जा सकता। इसके चलते ट्रैफिक पुलिस को इन जगहों में मैन्युअल तरीके से ट्रैफिक कंट्रोल करना पड़ता है। इन मार्गों में कई जगह सर्विस रोड काफी संकरी है। इस वजह से भी लोगों को जाम से जूझना पड़ता है। वीआईपी मूवमेंट होने की स्थिति में तेलीबांधा से लेकर रायपुरा चौक तक ट्रैफिक व्यवस्था धाराशायी हो जाती है।



#### लेफ्ट, टू-टर्न करने वालों को जगह नहीं

जिन चौक-चौराहों में सिग्नल लगे हैं उन चौक-चौराहों में लेफ्ट तथा यू-टर्न करने वालों के लिए मार्किंग की गई है। लेफ्ट टर्न को क्लीयर रखने प्लास्टिक के पोल भी लगाए गए हैं। बावजूद इसके लेफ्ट टर्न करने लगाए गए पोल के उस पार तथा यू-टर्न करने लगाए गए मार्किंग में वाहन खड़े कर देते हैं। इसके चलते बेवजह लोगों को ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ता है।

### अंदरुनी इलाकों की स्थिति भी दयनीय

शहर के अंदरुनी इलाके खासकर शंकर नगर, खम्हारडीह, जयस्तंभ, घड़ी चौक, फाफाडीह, आंबेडकर अस्पताल, लाखेनगर चौक सहित शहर के कई ऐसे प्रमुख चौक चौराहे हैं, जहां सुबह कार्यालयीन समय तथा शाम के समय लोगों को ट्रैफिक सिग्नल पार करने इंतजार करना पड़ा है। इन जगहों में स्थिति ऐसी हो जाती है कि लोगों को ग्रीन सिग्नल क्रास करने दो-दो बार रेड सिग्नल में खड़े होकर इंतजार करना पड़ता है।

### सिग्नल के पास वाहनों की पार्किंग

शहर में सिग्नल के पास ट्रैफिक जाम की वजह सिग्नल के आस-पास मोड़ में वाहन पार्क करना है। खासकर जयस्तंभ तथा शास्त्री चौक में ऐसी स्थिति देखने को मिलती है। ट्रैफिक पुलिस अभियान चलाकर वाहन चालकों के खिलाफ नो पार्किंग की कार्रवाई भी करती है। बावजूद इसके वाहन चालक ऐसी जगहों में वाहन पार्क कर ट्रैफिक समस्या बढ़ाने का कार्य करते हैं।

# अटल विहार योजना प्रारंभ, जरूरतमंदों को किफायती दर पर मिलेगा आवास

### गृह निर्माण मंडल के 7 आवासीय प्रोजेक्ट के तहत बनेंगे 1650 आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 'सभी के लिए आवास' की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में 'अटल विहार योजना' के अंतर्गत छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की 7 आवासीय परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री कहा, सरकार के एक वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा अटल विहार योजना प्रारंभ की जा रही है, ताकि जरूरतमंदों को विशेष रूप से शहरी क्षेत्र के लोगों को किफायती दर पर मकान उपलब्ध कराए जा सकें।जिन आवासीय परियोजनाओं का शुभारंभ किया, उनके तहत 7 विभिन्न स्थानों पर भरकोनी-रायपुर, पथर्रा-राजिम, खरतुली-धमतरी, सिहाद-धमतरी, पुलगांव-दुर्ग, गुरुर-बालोद, एवं कोकड़ापारा-बीजापुर में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी श्रेणी के आवास बनाए जाएंगे। लगभग 300 करोड रुपए की लागत की इन परियोजनाओं के तहत 1650 मकान बनाए जाएंगे, इनमें ईडब्ल्यूएस और एलआईजी श्रेणी के 1452 आवास तथा एमआईजी श्रेणी के 200 आवास बनाए जाएंगे। हितग्राही भवनों का ऑनलाइन पंजीयन वेबसाइट के माध्यम से घर बैठे कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर शहरी गरीब परिवारों को आवास मिले।



#### एक रुपए वर्गफीट में उपलब्ध होगी जमीन

मुख्यमंत्री ने कहा, अटल विहार योजना के लिए हाउसिंग बोर्ड को एक रुपये प्रति वर्ग फुट पर शासकीय भूमि उपलब्ध कराई जा रही है। इस संबंध में प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर्स को निर्देश दिये गये हैं। योजना में पूर्व में घोषित अनुदान को जारी रखते हुए ईडब्ल्यूएस भवनों में 80,000 रुपए एवं एलआईजी भवनों में 40,000 रुपए अनुदान राज्य शासन द्वारा दिया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## नरैया गार्डन में विकास कार्यों का भूमिपूजन



**रायपुर।** नगर निगम जोन 6 स्थित शहीद पंकज विक्रम वार्ड के नरैया गार्डन में 1 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजनप सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, जोन अध्यक्ष निशा देवेंद्र यादव की विशेष उपस्थिति में किया गया। पुलिस लाइन के पास स्थित नरैया तालाब के करीब 1800 मीटर के राउंड एरिया में बच्चों के मनोरंजन के लिए एक ट्रॉय ट्रेन चलाने की तैयारी है। जोन 6 कमिश्नरी ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। यह ट्रेन जनवरी के अंत तक शुरू कर दी जाएगी। नरैया गार्डन में पेड़ पौधों की अधिकता के कारण यहां सुबह शाम आसपास के नागरिक वॉक करने आते हैं। लोगों की आवाजाही को देखते हुए नागरिक सुविधा के साथ ही मनोरंजन की जरूरत देखते हुए हुए वार्ड पार्षद निशा-देवेन्द्र यादव के माध्यम से करीब 9 करोड़ की राशि का प्रस्ताव जोन के माध्यम से देकर शासन से स्वीकृति प्रदान की गई, जिसमें बच्चों के लिए टाय ट्रेन, जुंबा डांस एरिया, योगा शेड, तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य, गार्डन में लाइटिंग के साथ पेंटिंग कार्य शामिल है।

## पीएम आवास कालोनियों में समस्याओं का अंबार



**रायपुर।** अपनी समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी में रहने वाले सकैडों लोगों ने सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में रायपुर कलेक्टर ज्ञापन सौंपा और प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी में समस्याओं के संबंध में अवगत कराते हुए उनका शीघ्र निराकरण करने निवेदन किया। इस मौके पर ईडब्ल्यूएस परिवार संघ व सामाजिक संस्था सुराज जन कल्याण समिति सोसाइटी के अध्यक्ष प्रीतम महानंद ने कहा, प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी में रहने वाले लोग नरकीय जीवन जी रहे हैं, आदि समस्याओं से ग्रस्त है। इसी दौरान सामाजिक नेता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षा प्रधानमंत्री आवास योजना जिसका व्यापक रूप से देश भर में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है प्रधानमंत्री ने देश को झुग्गी मुक्त करने का भी आह्वान किया है, इसके बाद भी आज रायपुर राजधानी के प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी के निवासी समस्याओं के बीच रहने को मजबूर है।

**आयोजन : स्नेह मिलन समारोह में विधायक ने कार्यकर्ताओं संग किया भोजन**

# विधायक साव ने एक वर्ष के सफल कार्यकाल के लिए जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित विधानसभा स्तरीय स्नेह मिलन कार्यक्रम में विधायक इन्द्र साव ने अपने विधायकी कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर उपस्थित कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में क्षेत्र की जनता की मंशा के अनुरूप और भी विकास कार्य देखने को मिलेगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व विधायक चैतराम साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री राकेश वैष्णव, मंडी के पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा भी उपस्थित थे।

विधायक ने कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता से मैं आग्रह करता हूं कि मुझे अपने परिवार के सदस्य के समान अपनी हर एक छोटी बड़ी समस्याओं से अवगत कराये, जिससे कि मैं उक्त समस्या के निराकरण के लिए प्रयास कर सकू। पिछले 1 वर्षों में क्षेत्र की जनता ने जो प्रेम, विश्वास, अपनापन दुलार दिया उसके लिए मैं सदैव आभारी रहूंगा और आने वाले समय में और अच्छा कर सकूं इसके लिए मुझे आपके मार्गदर्शन की नितांत आवश्यकता होगी। मैं चाहता हूं कि आप लोग समय-समय पर मेरा पथप्रदर्शित करते रहे जिससे मैं और मेरी पूरी टीम जनता की सेवा में तत्पर रह आपकी सेवा कर सके। कार्यक्रम में उपस्थित जीव जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्या भूषण शुक्ला ने कहा कि मैं जब जिला अध्यक्ष था, तब इन्द्र साव भाटापारा शहर अध्यक्ष के रूप में मेरा सहयोगी थे। एक पार्षद के रूप में इसने आपकी सेवा की एक पार्षद से विधायक तक का सफर तय किया, उसके लिए पूरे क्षेत्र की जनता के प्रति कृतज्ञता जाहिर करता हूं। कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि यह इन्द्र साव बहुत ही सुलझे हुए व्यक्ति हैं और उनके कार्य करने का अपना तरीका है। इसके चलते विपक्ष में रहते हुए भी आप लोगों की आवाज विधानसभा में समय-समय पर उठाते रहते हैं। आप लोगों का सहयोग और आशीर्वाद हमेशा विधायक के साथ रहे। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा की इन्द्र साव ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने जनता की समस्याएं सुनी, समझी एवं उनका निराकरण भी किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण यादव ने भी संबोधित किया।

सभा का संचालन पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने और आभार प्रदर्शन विधायक प्रतिनिधि सिमगा शैली भाटिया ने किया। उक्त कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक ध्रुव, अमर मन्डावी, विनोद अग्रवाल, अरुण यादव, ईश्वर सिंह ठाकुर, सतीश अग्रवाल, सुरेश वर्मा, रोशन हबलानी, आलोक मिश्रा, बसंत भृगु, गौरी भृगु, डॉक्टर के के नायक, बाबूलाल साहू, देवनारायण बांधे, टेकसिंह ध्रुव, चंद्रशेखर चक्रधारी विधायक प्रतिनिधि दिवाकर मिश्रा, जीतू ठाकुर ,मुकेश साहू जीतू शर्मा, भारत वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष सुरेंद्र यदु, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, सिमगा पार्षद दशरथ चंद्राकर, लखन देवांगन आदि उपस्थित थे।

### विपक्ष में रहते हुए भी अनेक विकास कार्यों के लिए पहल की : इंद्र

विधायक इंद्र साव ने कहा कि आज जो स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हो रहा हैं, वह आपके द्वारा दिया गया सहयोग एवं आशीर्वाद है, जिसके लिए मैं आपका सदैव ऋणी रहूंगा। मेरे लिए आपकी कसौटी पर खरा उतरने के लिए अब सिर्फ 4 वर्ष रह गए इन एक वर्षो में हमने विपक्ष में रहते हुए भी अनेक विकास कार्यों के लिए पहल की है, जिसमें भाटापारा शहर को राष्ट्रीय राजमार्ग में जोड़ने, सेमरियाघाट पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण, भाटापारा एवं सिमगा क्षेत्र के तालाबों का सौंदर्यकरण, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डॉक्टरों की नियुक्तियां, सिमगा अस्पताल को ट्रामा सेंटर बनाना, ग्रामीण क्षेत्रों में सीसी रोड, नालियों का निर्माण, सामुदायिक भवन, हाय मास्त लाइट, और नए खुल रहे उद्योगों में स्थानीय बेरोजगारों के लिए रोजगार उपलब्धता, अवैध शराब बिक्री की रोक हेतु आंदोलन जनकल्याणकारी कार्यक्रम आपके सहयोग से ही हम कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि जब से मुझे विधायक के रूप में आपने जिम्मेदारी सौंपी है, तब से लेकर अब तक निरंतर आपके बीच रहने का दुख सुख में शामिल होने का क्षेत्र की जनता के तकलीफ परेशानियों के निराकरण के लिए प्रयासरत रहा हूं और विश्वास दिलाता हूं कि आगे भी आने वाले वर्षों में भी आपके बीच रहूंगा तथा विधानसभा क्षेत्र के हर नागरिक की उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा विधानसभा क्षेत्र की जनता मेरी पहली प्राथमिकता है।

# अग्निवीर में चयनित युवाओं का शिवरतन ने किया सम्मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने मंगलवार को अग्निवीर में चयनित विकासखंड से दो युवक यश साहू एवं हर्ष साहू का भारत माता सैनिक एकेडमी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सम्मान किया।

रावणभाठा मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में शिवरतन शर्मा द्वारा माला, शाल, श्रीफल प्रदान किया और उनका उत्साहवर्धन किया। युवा अग्निवीर सम्मान पाकर जोश से भर गए और भारत माता की जय के जयकारे लगाए।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि अग्निवीर के चयनित युवा देश-सेवा को लक्ष्य बनाकर आगे आए हैं। उन्होंने अग्निवीर योजना की सराहना करते हुए कहा कि चयनित अभ्यर्थियों को सेना में कार्य करने का अवसर मिलेगा। साथ ही बाकि जब अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद श्रेष्ठ नागरिक बनकर लौटेंगे, समाज में उनका सम्मान होगा। जिनके पास कठिन परिश्रम एवं अनुशासित जीवनशैली की सीख रहेगी। उनके हाथों में हुनर भी रहेगा। साथ ही देश के प्रति उन्होंने जो अपना समय समर्पित किया है उसका अभिमान भी मन में रहेगा। इससे वे अच्छे अधिकारी बनेंगे, अच्छे जनप्रतिनिधि बनेंगे, जीवन की नई शुरूआत करेंगे। उनका जीवन अलग और अनुशासित रहेगा। ऐसे अग्निवीर जो समाज और अपने जैसे अन्य युवाओं के लिए आदर्श रहेंगे।

इस कार्यक्रम में राकेश तिवारी, सुनील यदु, विवेकानंद निर्मलकर, प्रशांत वर्मा, रविन्द्र शर्मा, धनेश माधवानी, कोमल शर्मा, बजरंग ध्रुव, सुनील तिवारी, शंकर सोनी, अमृत साहू, सरिता ध्रुव, सहित बड़ी संख्या के मैदान में अभ्यास करने वाले युवा उपस्थित थे।

# व्यवहार न्यायाधीश का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



अभिभाषक संघ भटगांव द्वारा सिविल कोर्ट भटगांव के नए व्यवहार न्यायाधीश निकसन डेविड लकड़ा के आगमन पर व्यवहार न्यायालय परिसर भटगांव में अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन स्टाप द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया।

समारोह का संचालन अभिभाषक संघ भटगांव के वरिष्ठ अधिवक्ता जगेसर लहरे ने किया। इस अवसर पर न्यायालय के अधिवक्ताओं ने न्यायाधीश को पुष्पगुच्छ से भेंट कर सभी ने अपना–अपना परिचय दिया। न्यायालयीन कार्य में सस्ता, सहज व सुलभ न्यायदान की कानूनी प्रक्रिया पर अपना–अपना अनुभव व्यक्त किये। स्वागत समारोह में अभिभाषक संघ भटगांव के समस्त अधिवक्तागण मौजूद थे।

# ओड़ान पंचायत में हुआ सम्मान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



ग्राम पंचायत ओड़ान में मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं बुजुर्ग सियानों का सम्मान कार्यक्रम रखा गया। विकासखंड पलारी के शिक्षा अधिकारी केएन वर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ, जिसमें गांव की सरपंच राजकुमारी कमल टिकेश्वर वर्मा, उपसरपंच सचिव मुकेश कुमार टंडन, पंच कोमल सिन्हा, मितानिन ट्रेनर शशि वर्मा, मितानीन सदस्यगन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, गांव के बुजुर्ग, सियान सहित ग्रामवासी उपस्थित थे। इसमें मितानिन, आंगनबाड़ी, कार्यकर्ता सहायिका को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ गांव के बुजुर्गों, सियान का साल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया।



## भागवत कथा के समापन पर किया पौधारोपण

**खरोरा।** भागवत कथा के समापन अवसर पर ब्राह्मण समाज द्वारा मंगलवार को पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर भागवत आचार्य पंडित राम कृष्ण दास शास्त्री एवं मथुरा शर्मा कुमार प्रसाद तिवारी, राजेश पांडे, लीलाधर शर्मा, दिनेश दीवान, मथुरा शर्मा, डोमार प्रसाद तिवारी छोटू उपस्थित थे।

## धोबी समाज का महापंचायत चार रिश्ते मौके पर ही तय

**रायपुर।** नातिन धोबिन दाई परिसर बोरियाखुर्द में रविवार को धोबी समाज की महापंचायत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धोबी समाज के विवाहयोग्य युवक-युवती का भीपरिचय सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में 231 युवतियों, 73 युवकों ने अपना परिचय दिया। अभिभावकों की उपस्थिति में चार रिश्ते मौके पर ही तय हुए। इसके बाद धोबी समाज ने समाज के ही वरिष्ठ नेता तुलसी कौशिक को मुख्यमंत्री का निजी सचिव बनाए जाने पर समाज के परंपरागत रजक ताज से नवाजकर सामाजिक अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा, राज्य सरकार का यह ऐतिहासिक निर्णय है। हमारा समाज पूर्ण रूप से उपेक्षित था।

# बैजनाथपारा में जोन कमिश्नर को घेरा गए थे अवैध निर्माण पर कार्रवाई के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अवैध निर्माण पर कार्रवाई के लिए गए नगर निगम के अधिकारियों के साथ बदसलूकी की गई। जोन 4 के बैजनाथपारा क्षेत्र में नगर निगम से अनुमति लिए बिना बिल्डिंग निर्माण कराया जा रहा था। नगर निगम ने पूर्व में भी इस अवैध निर्माण को बंद कराया था। इसके बाद संबंधित भवन मालिक ने फिर से काम शुरू करवा दिया। कार्रवाई करने गए जोन कमिश्नर समेत कुछ कर्मचारी के साथ यह बदसलूकी का मामला सामने आया है।

दरअसल, नगर निगम जोन 4 क्षेत्र में 5 दिसंबर को जोन की टीम ने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसके साथ ही अवैध निर्माण रोकने के साथ एक दुकान को सील भी किया था। इस कार्रवाई के बाद भी बिल्डिंग निर्माण का कार्य जारी रहा। अधिकारियों ने काम बंद करने की चेतावनी देकर निर्माण कार्य बंद कराकर दोबारा निर्माण ना करने की चेतावनी दी थी। इसके बाद भी काम जारी रहा।

**पेज 9 के शेष**

### 36 करोड़ के विकास...

फिकल स्लज मैनेजमेंट प्लांट निर्माण कार्य, देवरी 24.78 लाख, छरछेद 29.63 लाख, ओडान 30.62 लाख, सीसी रोड निर्माण कार्य ओटेबंद 19.60 लाख, अकोली 10.67, हसदा 19.66 लाख, हरदी 2 लाख, हरदी 2 लाख, क्रांक्रिटीकरण बाजार चौक 8 लाख रूपये, सांस्कृतिक भवन निर्माण मोतीपुर 10 लाख, मुड़ियाडीह 10 लाख, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा भाटापारा में आदिवासी समाज के समाजिक भवन (सुरखी रोड) अहाता निर्माण 22 लाख, सीसी रोड 25 लाख, तेलासीपूरी धाम में मेन रोड से मंदिर तक सीसी रोड 25.31 लाख, गैतेरा मेन रोड़ से श्मशान घाट बोहरडीह 31.63 लाख, सोनाखान सीसी रोड 18.40 लाख, सीसी रोड़ आत्मानंद सोनाखन तक 18.40 लाख, लोक निर्माण विभाग द्वारा वि. खं. बलौदाबाजार के ग्राम अहिल्या (अहिल्दा) में पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण 16.66 लाख, वि. खं. पलारी के ग्राम कोसमंदी में पशु चिकित्साल भवन का निर्माण 16.66 लाख, कार्यपालन अभियंता परियोजना क्रियान्वयन इकाई छ.ग. ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा सेमरिया से एमडीआर 12.49 लाख, सूरजपूरा से एमडीआर 15.76 लाख, एल बोरसी से पाटन 37.47 लाख, सूमा से तरेंगा 56.03 डूमरपाली से छतवन 256.75, कार्यपालन अभियंता जल प्रबंध संभाग क्रमांक 02 बलौदाबाजार द्वारा लवन शाखा नहर के आर. डी. 21600 मी. पर व्ही आर. बी. पुनर्निर्माण कार्य एवं चितावर माईनर परसापाली सब माईनर का सीसी लाईनिंग एवं पक्के संरचनाओं का पुर्ननिर्माण कार्य 369.02, बलौदाबाजार शाखा नहर के 5 नग ड्रेनेज कासिंग आर.डी. 100.38 कि.मी. 38.22 कि.मी. 41.00 कि.मी. 41.483 कि.मी 44.074 कि.मी. का पुनर्निर्माण कार्य 339.41 लाख, ठाकुरदिया व्यपवर्तन योजना का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य 130.97 लाख, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य अमेरा, नगर पंचायत के विभिन्न वार्ड स्थल में पेयजल आपूर्ति हेतु पाइप लाइन विस्तार कार्य (वार्ड क्र 01 से 10 एवं 12,) 48.87 लाख, नगर पंचायत टुण्ड्रा द्वारा वार्ड क्रमांक 1 में भैरव मंदिर के पास अटल परिसर निर्माण कार्य 19.99 लाख, वार्ड क्रमांक 9 मुक्तिधाम का विकास कार्य 19.67 लाख, वार्ड क्रमांक 06 में मुक्तिधाम का उन्नयन कार्य 11.91 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 8.44 लाख, वार्ड क्रमांक 12 में मनबोध के घर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 11.51 लाख, वार्ड क्रमांक 14 गणेश धीवर घर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 11.24 लाख, वार्ड क्रमांक 04 विश्वकर्मा मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 5 लाख, वार्ड क्रमांक 04 एसएलआरएम सेंटर में कम्पोस्ट शेड निर्माण कार्य, नगर पंचायत कसडोल अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण कार्य। नगर पंचायत रोहांसी द्वारा वार्ड क्रमांक 03, अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड में अटल परिसर निर्माण कार्य 19.98 लाख, कार्यालय नगर पंचायत परिसर का बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य 19.60 लाख शामिल हैं।

इसी तरह पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अतिरिक्त कक्ष निर्माण ग्राम पंचायत ओटेबंद 7.78 लाख और नवागांव 7.78 लाख, केसला 15.56 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (गुरू घासीदास मंदिर के पास) ग्रा.पं.– तेलासी 15 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य वीरनारायणपुर, ग्रा.पं. भुसड़ीपाली 5 लाख, आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य, ग्रा. पं. सुकली 8.04 लाख, उचित मुल्य की दुकान निर्माण कार्य, ग्रा.पं. कोटियाडीह 5.49 लाख, आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य, ग्रा.पं.– खैरा ब 10 लाख, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा दस सीटर टॉजिट हास्टल का निर्माण (चिकिस्कीय सेवा के लिए) सोनाखान 96.86 लाख, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना भटभेरा 135.56 लाख,गुर्दी 41.70 लाख,हिरमी 148.52 लाख, कुथरौद 170.76 लाख,धारासिव 194.47 लाख, सिमगा में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य 28.51 लाख, ग्राम बोरसी (ध) वि. खं. भाटापारा में उपस्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कार्य 28.51 लाख, ग्राम केसला वि. खं. भाटापारा में उपस्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कार्य 28.51 लाख, विकासखंड भाटापारा के बोरसी ध में शासकीय हाई स्कूल भवन का निर्माण 75.23 लाख, ग्राम कोसमंदा वि.ख. पलारी में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य 28.51 लाख, ग्राम संडी बंगला वि.ख. पलारी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य 54.39 लाख, 50 सीटर प्री. मैट्रिक जल संसाधन विभाग द्वारा खैरातदान जलाशय के शीर्ष एवं नहरों का जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग कार्य 522.81 लाख,कोसमसरा व्यपवर्तन योजना का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य 137.52 लाख का कार्य प्रमुख है।

### कार चालक से ...

मांग करते हुए मारपीट करना एवं उसकी कार में तोड़फोड़ करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल टीवीएस स्टार सिटी CG 04 LC 9493 जब्त की गई है। आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### छात्रों ने जाना ...

बताकर विद्यार्थियों को अनुशासन का पालन करने संस्कारित रहने की बात कही। मदनलाल तोमर व्याख्याता ने शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर शहीद वीर नारायण पर कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन श्यामलाल नवरत्न द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य रामसहाय डडसेना द्वारा मानव अधिकार दिवस की शुभकामना देते हुए आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मनोविज्ञान विषय की प्रायोगिक परीक्षा 14 को

**महासमुंद।** बीए प्रथम सेमेस्टर जीई, डीएसई (मनोविज्ञान) विषय के नियमित एवं स्वाध्यायी छात्र/छात्राओं की सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा 14 दिसंबर को सुबह 11 से 2 बजे तक विज्ञान भवन मचेवा में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा में नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। समस्त परीक्षार्थी प्रायोगिक फाईल एवं एक प्रयोज्य के साथ उक्त परीक्षा दिवस को प्रातः 11 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें। प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित होने पर छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे। परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा से संबंधी जानकारी हेतु गायत्री चंद्राकर एवं रेणुका साहू, अतिथि व्याख्याता मनोविज्ञान से संपर्क कर सकते है।

### योग भवन में गीता जयंती आज

**महासमुंद।** दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल, शिवानंद मातृशक्ति समिति द्वारा स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में 11 दिसंबर को गीता जयंती मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रातः 6 बजे योग-भवन से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। दोपहर 4 बजे से 7 बजे तक श्रीमद्भगवद गीता का संपूर्ण पाठ होगा, रात्रि 7 से 8 बजे तक गीता पर स्वामी रामसुखदास जी महाराज की व्याख्या कृत प्रबोधनी गीता का पाठन होगा। रात्रि 8 से 8.30 तक हरिनाम संकीर्तन, आरती उपरांत समापन होगा।

### 16 को महिला आयोग अध्यक्ष नायक प्रकरणों की करेंगी सुनवाई



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक 16 दिसंबर को महासमुंद जिले के प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। सुनवाई कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से होगी। राज्य महिला आयोग के सचिव ने बताया कि सुनवाई के दौरान सभी पक्षकारों को अपने निर्धारित समय में उपस्थित होना आवश्यक है।

### कर्मचारी संघ के मुकेश जिलाध्यक्ष और संदीप कार्यकारी अध्यक्ष



**महासमुंद।** छग लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ की आवश्यक बैठक कर्मचारी भवन में आहूत की गई। जिसमे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष का मनोनयन सेवानिवृत्त लिपिकों का सम्मान समारोह, कैलेंडर विमोचन एजेंडा निर्धारित था। जिसमे सभी तहसील अध्यक्षों एवं जिला कार्यकारणी एवं सभी सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से मुकेश कुमार साहू को जिलाध्यक्ष, संदीप तिवारी कार्यकारी जिलाध्यक्ष, राधेश्याम सोनी को तहसील अध्यक्ष महासमुंद नियुक्त किया गया एवं आगामी 5 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त लिपिकों के सम्मान समारोह की तिथि भी निर्धारित किया गया। उक्त बैठक का संयोजन सीके तिवारी, प्रांतीय महामंत्री दुष्यंत यादव प्रांतीय सचिव एवं जिला कार्यकारणी के द्वारा किया गया। सर्वसम्मति से मनोनीत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रांताध्यक्ष संजय सिंह, सीके तिवारी प्रांतीय महामंत्री, दुष्यंत यादव प्रांतीय सचिव, पूर्व जिलाध्यक्ष केके चंद्राकर, संरक्षक शिव साहू एवं आरके बुनकर तहसील अध्यक्ष बागबाहरा, परमेश्वर बाघ तहसील अध्यक्ष पिथौरा, दिलीप दास तहसील अध्यक्ष बसना, निरंजन कोसरिया तहसील अध्यक्ष सरायपाली, श्रीमती योगेश्वरी गोस्वामी महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं महासमुंद के जिला कार्यकारणी एलआर तारम, जीपी चंद्राकर एवं रवि ठाकुर, केशराम सिन्हा, गेश्वर दीवान, डीके सेन सहित समस्त लिपिकों ने हर्ष जताया।

## किसानों की समस्या का निराकरण कराने कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

# धान खरीदी केंद्रों में फैली अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार शहर ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी शुरू है, लेकिन धान खरीदी केंद्रों में फैली अव्यवस्था तथा सरकार की नीतियों के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है, जिसके विरोध में बलौदाबाजार के गार्डन चौक में धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुरेंद्र शर्मा, विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम गिरी ने संबोधित करते हुए कहा की बारदानें की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा है। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाए। 50 प्रतिशत पुराने बारदानें समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। टोकन की व्यवस्था अव्यावहारिक है, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। टोकन का नंबर ही नहीं आ रहा 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा। इलेक्ट्रानिक कांटा में जो तौलाई हो रही है उसमें 1.5 किलो से 2.5 किलो अधिक तौला जा रहा है। सोसायटी में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है। अनावरी रिपोर्ट कम बनाई गयी है तथा खरीदी भी 21 क्विंटल के हिसाब से नहीं हो रही है। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है। अनावरी रिपोर्ट गलत बनायी जा रही है, जिसके आधार पर मात्र 9 से 14 क्विंटल धान खरीदी जा रही है। बड़े किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे उनकी बारी ही नहीं आ रही है। सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आएगा, लेकिन जो लोग धान बेच चुके हैं उनके खाते के रकम हफ्तों तक नहीं आया है, जो रकम आ रही है वह एक मुस्त नहीं है, सिर्फ 2300 रु. प्रति क्विंटल ही आ रहा है। भाजपा ने 3100 रुपए देने का वादा किया था। कांग्रेस नेताओं ने मांग करते हुए कहा कि धान की कीमत का भुगतान 3217 रु. में करें, क्योंकि 3100 भाजपा ने अपने चुनावी वादे में कहा था। इस वर्ष केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रु. बढ़ा दिया है। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने 2500 देने का वादा किया था, लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 में धान खरीदा था। पिछले वर्ष का सुखत का पैसा सोसायटी को अभी तक नहीं दिया गया।

### ये हुए शामिल

उक्त अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा शहर अध्यक्ष रूपेश ठाकुर, विक्रम पटेल, प्रभाकर मिश्रा, संतोष तिवारी, पदमेश्वरी साहू, संतोष यादव आर्यन शुक्ला, लखेश साहू,मनोज प्रजापति, गोविंद पात्रे, धर्मेंद्र वर्मा, गौतम ठेठवार, सुरेंद्र जायसवाल, सुखदेव साहू, अभिषेक पटेल, देवेन्द्र बंजारे, अर्जुन सेन केके वर्मा, अविनाश मिश्रा, चीतेश्वर साहू,यशवंत वर्मा, मनोज तिवारी, शाश्वत यादव, टिकेश्वर साहू, सलमान सेख नीलकंठ साहू, आयुष भतपहरी, पिंटू वर्मा सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।



### खरीदी केंद्रों में बांटे जा रहे फटे पुराने बारदाने

**पलारी।** मंगलवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी पलारी में ब्लाक अध्यक्ष सुनील कुर्रे के नेतृत्व में पलारी के मुख्य मार्ग पर धरना प्रदर्शन किया तथा राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार के किसान विरोधी रवैय्ये के चलते धान खरीदी केन्द्रों में विभिन्न तरह से व्यापक रूप से अव्यवस्था फैली हुई है, जिससे किसानों में असंतोष का माहौल है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि अनावरी रिपोर्ट गलत तरीके से बनायी गई, जिससे किसान 21 क्विंटल कि जगह मात्र 12 से 14 क्विंटल धान बेच पा रहा है, वहीं खरीदी केन्द्रों में 50 प्रतिशत पुराने बारदाना किसानों को बांटा जा रहा है, उसमें भी अधिकतर बारदाना फटे पुराने होते हैं। टोकन की प्रक्रिया भी अव्यावहारिक है। धान बेचने के एक हफ्ते बाद भी किसानों के खातों में पैसा नहीं आ रहा है, वहीं इलेक्ट्रानिक कांटे से ढेड़ से ढाई किलो तक धान अतिरिक्त तौला जा रहा है, जिससे किसानों कि गाढ़ी कमाई पर डाका डाला जा रहा है। घोषणा पत्र में 3100 क्विंटल में धान खरीदी महज शिगुफा निकला। किसानों को अभी 2300 क्विंटल में धान खरीदा जा रहा है, जिसे कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी।धरना प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील कुर्रे, खिलेंद्र वर्मा जनपद अध्यक्ष, लोकेश कन्नौजे रजक बोर्ड अध्यक्ष, जिपं सदस्य सुमित्र घृतलहरे, जिला उपाध्यक्ष मनीष चन्द्राकर, शेरखान, सनत वर्मा, तोमन चन्द्राकार, शशिकांत वर्मा, पार्षद संतोष देवांगन, पुष्पा बंजारे, मूलचंद धीवर, महेश्वरी कुर्रे, उर्मिला मिरी, तरूण चंद्राकर, साधराम साहू, हर्ष वर्मा, ईश्वर चंद्रवंशी, राजकुमार साहू, कृपाराम साहू, शुभम भतपहरी, भारती वर्मा, डोमार साहू, देवेन्द्र कुमार साहू , केजराम यादव, गुलाब यदु, नंदेश्वर साहू, दिनेश साहू, लेखराम गनहरे, दिलीप सेन, हुमेश्वर गोस्वामी, शिवराम सेन, श्याम लाल पटेल, सुकदास बंजारे, लोकनाथ पटेल, रामस्वरूप वर्मा आदि उपस्थित थे।

■ किसान हो रहा टोकन के लिए परेशान, वजन से अधिक तौला जा रहा धान

# धान खरीदी के नाम पर वादाखिलाफी कर रही है सरकार

■ धान खरीदी में अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

**सिमगा।** पुराना बस स्टैंड स्थित कांग्रेस भवन के सामने मंगलवार को धान खरीदी में अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इसमें प्रभारी के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री अशोक राज आहूजा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. केके नायक ने किया। वहीं श्री आहूजा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूरे प्रदेश में किसान चिंतित है, क्योंकि सरकार धान खरीदी के नाम पर वादा खिलाफी कर रही है। लक्ष्य के मुताबिक धान की खरीदी ना हो सके इसके लिए शायद सरकार षड्यंत्र रच रही है। इसलिए कभी बारदानें की कमी तो कभी टोकन के लिए सर्वर की समस्या, धान खरीदी के निर्धारित तिथि से 14 दिनों की कमी कर इलेक्ट्रॉनिक मशीन द्वारा ज्यादा धान तौलना इन सभी प्रकार की समस्याओं से किसान परेशान हैं। पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने आरोप लगाया कि धान खरीदी केंद्रों में ना ही पीने की पानी की व्यवस्था है ना ही शौचायलयों की व्यवस्था है। धान को जानबूझकर जमीन में तौलते हैं, ताकि जो धान तौलते समय गिर जाए उसे किसान उठा ना सके। चुनाव में भाजपा ने एक मुश्त 3100 रुपए देने की बात कही थी, जिसे इन्होंने मोदी की गारंटी तथा विष्णु का सुशासन कहा था, मगर सरकार द्वारा धान की राशि का भुगतान 2320 रुपए से दिया जा रहा है। इससे डबल इंजन की सरकार फेल नजर आ रही है। विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने बताया कि प्रत्येक सोसाइटी में सुखत के नाम पर ज्यादा धान तौला जा रहा है तथा सोसाइटियों से धान का उठाव ना होने से धान रखने की जगह नहीं है, जिससे किसानों का टोकन रद्द किया जा रहा है। यदि यही स्थिति बनी रही तो धान खरीदी ठप पड़ जाएगी। धान नहीं बिकने के कारण किसान खलिहानों में अपने धान की रखवाली कर रहे हैं। सभा को किसान नेता अय्यूब खान ने भी संबोधित किया। तत्पश्चात अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के हाथों राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। सभा में सुनील माहेश्वरी, चंद्र कुमार साहू, जिला पंचायत सदस्य रमेश धृतलहरे, हिम्मत शर्मा, पप्पू अली, पार्षद अब्दुल खान, संजय कोसले, अशोक देवांगन, सोनू भोंसले, गोलू पाटकर, विक्रमादित्य पांडे, धनसिंह साहू, शंकर देवांगन नारायण बंजारे, सचिन शर्मा आदि उपस्थित थे।




## हाईस्कूलों में अहिल्याबाई होल्कर जयंती मनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़




लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी जयंती पर शासकीय हाई स्कूल बोड़ा एवं धनसीर में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. गिरीश शंकर वैष्णव ने कहा कि शिव साधक देवी अहिल्या बाई, पति के निधन के बाद 28 साल राज्य संभाला।

उन्होंने कहा कि देवी अहिल्या द्वारा अपने कार्यकाल में देशभर में 8527 धार्मिक स्थल और 39 राजकीय अनाथालय के अलावा धर्मशालाओं, नर्मदा किनारे, देश में प्रमुख धर्मस्थलों पर नदियों किनारे के घाटों, कुंए, तालाब, बाबड़ियों और गोशालाओ का निर्माण कराया। रानी अहिल्याबाई होलकर एक बुद्धिमान, तेज सोच की शासक के तौर पर याद किया जाता है। हर दिन वह अपनी प्रजा से बात करती थीं। उनकी समस्याएं सुनती थीं। कार्यक्रम में संजीव राजेत्री हेमचन्द्र साहू, प्रभारी प्राचार्य नरेंद्र कुमार साहू, अस्वनी जाटवर, बीआर बरदायक, आरपी अजय, रामकुमार साहू, सतीश यादव, प्रदीप साहू, एस के साहू, ओम प्रकाश साहू, रश्मि साहू, निर्मला, महेंद्र ठाकुर, संजीव राजेत्री तथा छात्र–छात्राएं उपस्थित थीं।

## शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा




शहीदवीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खरोरा के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे, छत्तीसगढ़ महतारी एवं शहीद वीर नारायण के तैलचित्र पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को शहीद वीर नारायण सिंह के अवदान को रेखांकित किया। इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के डॉ. देवेंद्र दुबे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान से घबराएं नहीं। हमारे शरीर में आरबीसी बनने और नष्ट होने की प्रक्रिया सतत चलती रहती है। आपके द्वारा किए गए रक्तदान की प्रतिपूर्ति हमारा शरीर यथाशीघ्र कर लेता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बाल्मीकि साहू ने कहा कि सेवा के बहुत से आयाम होते हैं और उनमें से रक्तदान भी एक है। इसके माध्यम से हम सीमा की रक्षा में लगे हुए सैनिक, जरूरतमंद महिलाओं, दुर्घटना में घायल व्यक्तियों आदि की मदद कर सकते हैं। महाविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थियों और नगर के कतिपय सेवा भावी बच्चों ने कुल 30 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर रंगोली, पोस्टर प्रतिस्पर्धा का आयोजन भी किया गया था, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे भाजपाई...



**टुण्डरी।** बिलाईगढ़ भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं नगर पंचायत अध्यक्ष लोकनाथ साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता मंगलवार को पवनी धान खरीदी केंद्र मंडी में निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान किसानों से बारदाना की व्यवस्था संबंधी जानकारी ली गई, जहां किसानों ने बताया कि हमें किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है।

## वीर नारायण सिंह हैं सोनाखान की माटी के सपूत

■ स्काऊट गाइड ने वीर नारायण सिंह के शहादत को किया याद



**पलारी।** ग्राम चरोदा के शासकीय हाईस्कूल में स्काऊट एवं गाइड द्वारा वीर नारायण सिंह की जयंती को शहादत दिवस के रूप में मनाया गया। उक्त कार्यक्रम भारत स्काउटस एंड गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य आयुक्त सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के एन वर्मा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सतीश माहेश्वरी एवं नरेश वर्मा के निर्देशन एवं जिला सचिव जगदीश साहू, जिला संगठन आयुक्त स्काउट सूरज कसार, जिला संगठन आयुक्त गाइड नेहा उपाध्याय, विकासखंड सचिव संजीव पटेल, शाला प्रभारी कविता ध्रुव के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें स्काउटस एंड गाइड्स के विद्यार्थियों ने वीर नारायण सिंह जयंती पर उन्हें नमन किया, जिसमें जनमानस भी शामिल हुए। कार्यक्रम में बताया गया कि किस तरह से वीर नारायण ने अंग्रेजों से लोहा लिया था और छत्तीसगढ़ में क्रांति का बिगुल बजाया था। उन्होंने अंग्रेजों को लोहे के चने चबवा दिए थे। सोनाखान सहित बलौदाबाजार की उनके कारण एक अलग पहचान बनी। वीर नारायण सिंह को सोनाखान की माटी का सपूत कहा जाता है। इस तरह से आज स्काउट गाइड के विद्यार्थियों ने शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत को याद कर वीर नारायण सिंह की जयंती मनाई।

## मानवाधिकार दिवस पर स्कूल में हुई विचार गोष्ठी

# 'मानवाधिकार' मानवता की समानता को देता है बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



शासकीय विद्यालय खरोरा में मंगलवार को मानवाधिकार दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें उत्साह के साथ विद्यार्थी भावना मानिकपुरी, हीना वर्मा, गौतम, पायल वर्मा, चांदनी कलार, प्रमोद कुंभकार, भाविका साहू, राहुल देवांगन, शशि मंडावी, पूर्वा वर्मा, निशा गेन्डरे एवं कुनिका देवांगन ने अपने विचार प्रस्तुति के माध्यम से बताया कि मानवाधिकार दिवस क्यों मनाया जाता है।

मानव अधिकार का उद्देश्य क्या है। मानवाधिकार में आमजनों को कौन-कौन से अधिकार जन्म के साथ ही मिल जाते हैं, मानवाधिकार के महत्व एवं अधिकारों के प्रकारों के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय प्राचार्य रजनी मिंज ने अपने उद्बोधन में कहा कि मौलिक अधिकारों के साथ साथ मौलिक कर्तव्य भी निहित है, मानवाधिकार मानवता की समानता, स्वतंत्रता और गरिमा के मूल सिद्धांत को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करती है। कार्यक्रम का संयोजन व कुशल संचालन योगेंद्र त्रिपाठी व्यायाम शिक्षक द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, योगेंद्र त्रिपाठी, अमर बर्मन सहित समस्त स्टॉफ एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थीं।

### विस्तृत जानकारी विद्यालयीन छात्र छात्रओं दी

उपप्राचार्य हरीश देवांगन ने कहा कि मानवाधिकार का उद्देश्य विश्व भर के लोगों को मानवाधिकार के महत्व के प्रति जागरूक करना और इसके पालन के प्रति सजग रहना है। 7 मुख्य मानवाधिकार पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि मानवाधिकार सभी मनुष्यों के लिए निहित अधिकार हैं, चाहे उनकी जाति, लिंग, राष्ट्रीयता, जातीयता, भाषा, धर्म या कोई अन्य स्थिति कुछ भी हो। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार, पर विस्तृत जानकारी विद्यालयीन छात्र छात्रओं प्रदान किए।

